# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 478, वर्ष 37 रॉंची, 31 जुलाई, 2014

## सीसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को मुख्यालय रांची तथा सभी क्षेत्रों में ''पर्यावरण दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ कॉरपोरेट गीत के साथ हुआ। हमारे अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह ने उपस्थित सभी कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा पर्यावरण झंडोत्तोलन किया। मौके पर निदेशक (तक./संचा.) श्री टी के नाग, निदेशक (वित्त) श्री डी के घोष, श्री पी के गुइन मुख्य महाप्रबंधक, (योजना एवं परियोजना) सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष,अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए सीएमडी श्री सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी कर्मियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण दिवस की बधाई दी। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजनकर्ता वन एवं पर्यावरण विभाग की हौसला आफजायी करते हुए कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में पूरे वर्ष बेहतर कार्य कर एक उदाहरण प्रस्तुत करें। सीसीएल पर्यावरण के अ क्षेत्र में भी अपना परचम लहराये। श्री सिंह ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण की महत्ता, ग्लोबल वार्मिंग पर प्रकाश डाला एवं इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने जानकारी दी कि सीसीएल ने अपने कार्यक्षेत्र में लाखों की संख्या में पेड़ लगा कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण दिवस को मात्र औपचारिकता न समझें बल्कि अपने सोच में बदलाव लाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करें तथा दूसरों को भी प्रेरित करें। श्री सिंह ने बताया कि इस वर्ष जुलाई माह में पूरे सीसीएल में 'वन महोत्सव' सप्ताह मनाया जायगा और वृहद स्तर पर फलदार वृक्ष लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि वृक्ष खुद लगाने से उसके साथ लगाव होता है। उन्होंने दृढ़ निश्चय के साथ खनन क्षेत्र में सही ढंग से भूमि भराई कर ऊपरी परत को उपजाऊ बनाये जाने पर कार्य करने का निर्देश दिया। श्री सिंह ने कोयला प्रेषण के संबंध में बताया कि कम्पनी ने कोयला प्रेषण में वर्ष 2012–13 में 11 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की थी साथ ही पहली बार पिछले वित्तीय वर्ष में 50 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन कर इतिहास रचा है। सीएमडी श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल का उद्देश्य है **''ग्रामीण, गरीबों एवं श्रमिकों का सम्पूर्ण विकास''** और पर्यावरण का सीधा संबंध मानवता से है। उन्होंने कम्पनी के कायाकल्प योजनान्तर्गत चलाये जा रहे 'सीसीएल के लाल' के संबंध में बताया कि वर्ष 2012 में इस योजना के तहत चयनित सभी 11 बच्चे इस वर्ष इंजीनियरिंग की विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण होकर इंजीनियर बनने की राह पर चल पड़े हैं, जो कम्पनी के लिए गर्व की बात है।



पुष्प–वाटिका का शिलान्यास करते सीएमडी साथ में हैं निदेशकगण एवं अन्य

अवसर विशेष पर सीएमडी श्री सिंह एव निदेशकगणों ने मुख्यालय स्थित कैन्टीन के पास एक पुष्प वाटिका का शिलान्यास किया साथ ही श्री सिंह ने इसी वर्ष मुख्यालय कर्मियों के लिए एक जीम (व्यायामशाला) स्थापित करने का भी निर्देश दिया।

मुख्यालय, सीसीएल में विगत 3 जून से पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था और 5 जून की संध्या जवाहर नगर स्थित नेहरू सांस्कृतिक केन्द्र में आयोजित समापन समारोह में सीसीएल द्वारा आयोजित चित्रकला, निबंध तथा क्वीज प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि श्रीमती रीमी घोष, धर्मपत्नी निदेशक (वित्त) ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में विजयी प्रतिभागी अपने परिवार के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीसीएल, वन एवं पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष श्री आलोक कुमार के नेतृत्व में किया गया।



सीसीएल कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

मुख्यालय, रांची के कोयला कक्ष में पिछले 26 जून को हमारे अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वश्री आर एस महापात्रो, महाप्रबंधक(का/औद्योगिक संबंध), वी एन प्रसाद, महाप्रबंधक (का/एनईई), विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं मुख्यालय तथा क्षेत्रीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया।



बैठक में उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते अप्रनि श्री गोपाल सिंह

बैठक के प्रारंभ में श्री सिंह ने सभी क्षेत्रों/विभागों के राजभाषा कार्यों की समीक्षा की और कहा कि सीसीएल राजभाषा हिन्दी के कार्य में सतत प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य भाषाओं को भी पूर्ण सम्मान देते हुए हिन्दी के प्रचार–प्रसार को आगे बढ़ायें। श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल एक परिवार है और कम्पनी के समग्र विकास के साथ प्रत्येक कर्मचारी का विकास हमारी प्राथमिकता है। श्री सिंह ने कहा कि कम्पनी से कर्मियों का जितना अधिक जुड़ाव होगा कम्पनी में काम उतना ही अच्छा होगा। आज सीसीएल तीव्र गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और सम्मिलित प्रयास से राजभाषा हिन्दी में सीसीएल उत्तरोत्तर बेहतर करेगा। उन्होंने हिन्दी में श्रेष्ठ कार्य करने वाले विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रों को पुरस्कार प्रदान किया तथा बधाई दी।

वरीय अधिकारी (राजभाषा) ने पिछले दिनों राजभाषा के क्षेत्र में किए गये विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित मुख्यालय के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने भी अपनी बातें रखी और कहा कि प्रयास करने पर निश्चय ही सफलता मिलती है।

स्वागत भाषण महाप्रबंधक (राजभाषा/एनईई) श्री वी एन प्रसाद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक(औद्योगिक संबंध) श्री आर एस महापात्रो ने किया।

व्यक्ति के आचरण से उसकी सच्ची पहचान होती है।
वस्तुतः संस्कारशीलता वस्त्र या आभूषण से नहीं बल्कि कर्म की श्रेष्ठता से प्रतिबिम्बित होता है।
— स्वामी विवेकानन्द

## सूचना

सी.सी.ई.बी.एफ.एस. छात्रवृति योजना के तहत सदस्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों को सत्र 2014–15 के लिये छात्रवृति का आवेदन पत्र अपने क्षेत्र के एस.ओ.पी.(कार्मिक) से अथवा, मुख्यालय में कल्याण विभाग से प्राप्त किया जा सकता है। छात्रवृति से सम्बन्धित योग्यता का विवरण आवेदन पत्र में विस्तृत रूप से दिया गया है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2014 है।

छात्रवृति से सम्बन्धित अन्य जानकारी के लिये कृपया कल्याण विभाग, सीसीएल मुख्यालय के मोबाईल न.: 8987786242 तथा 0651–2365220 पर सम्पर्क करें।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निवेदिता बनर्जी, वरीय अधिकारी (रा.भा.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, रॉंची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, रॉंची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)